देश के लिये अपने प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिस शहीदों को समर्पित है लघु फिल्म 'श्रद्धांजलि'

– महानिदेशक पुलिस

जयपुर 25 जुलाई। महानिदेशक पुलिस श्री मनोज भट्ट ने पुलिस जवानों के त्याग, समर्पण, जांबाजी और बहादुरी की सराहना करते हुए कहा है कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये उत्तरदायी पुलिस ने कानून एवं व्यवस्था के लिये अनेक बार अपनी जान की परवाह न करते हुए भी सीधा अपराधियों से मुकाबला करते हुए शहादत दी है। उन्होंने कहा कि देश के लिये प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को समर्पित है **'श्रद्धांजलि'** लघु फिल्म।

श्री भट्ट मंगलवार को आरपीए के ऑडिटोरियम में राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा आयोजित पुलिस शहीदों को समर्पित लघु फिल्म **'श्रद्धांजलि'** के प्रीमियर, नये **राजस्थान पुलिस गीत** के लोकार्पण एवं पंजाब के फिल्लौर में गत 15 से 19 मई तक आयोजित अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर **स्वर्ण पदक** प्राप्त करने वाले **राजस्थान पुलिस सैन्ट्रल बैंड** के जवानों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होने **राजस्थान पुलिस सैन्ट्रल बैंड को 3 लाख 60 हजार रूपये का चैक प्रदान कर पुरस्कृत किया।**

जांबाज शहीद पुलिस जवानों के लिए राजस्थान पुलिस ने एक फिल्म 'श्रद्धांजलि' का निर्माण किया है, जो पुलिस शहीदों की याद के लिये एक बहुत बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है। श्री भट्ट ने बताया कि राजस्थान सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये निर्देशों की अनुपालना कर पूरे देश में सबसे पहले **'श्रद्धांजलि'** फिल्म का निर्माण

करने की पहल की है। महानिदेशक पुलिस ने बताया कि राजस्थान पुलिस के जवानों ने पुलिस का गौरवमयी इतिहास स्वर्णाक्षरों में लिखा है। उन्होंने बताया कि पुलिस जवानों की जांबाजी को मैंने बहुत नजदीक से देखा है। पुलिस जवानों ने भूखे–प्यासे रहकर भी हर परिस्थिति का मुकाबला करते हुए प्रदेश की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में अपना पूर्ण सहयोग दिया है। मैं उनकी बहादुरी और जांबाजी को नमन करता हूँ।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार राजस्थान पुलिस के लिये 25 साल बाद नये **'राजस्थान पुलिस गीत'** का लोकापर्ण किया गया है। इस गीत के गीतकार डॉ. हरिराम आचार्य, संगीतकार श्री दीपक माथुर तथा समन्वयक श्री दीपक पंवार हैं।

श्री भट्ट ने बताया कि **राजस्थान पुलिस सेन्ट्रल बैण्ड** ने दिनांक 15 से 19 मई 2017 तक पंजाब पुलिस अकादमी, फिल्लौर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता में 17 राज्यों तथा 07 केन्द्रीय पुलिस संगठनों की टीमों की कडी प्रतिस्पर्द्धा में शानदार प्रदर्शन कर ब्रास बैण्ड प्रतिस्पर्धा में **प्रथम स्थान** प्राप्त कर **स्वर्ण पदक** हासिल किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने बताया कि गत दिनों गुजरात के कच्छ में आयोजित डीजी एवं आईजी कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी पुलिस महानिदेशकों को यह निर्देश दिये थे कि पुलिस शहीदों की याद में भी एक ऐसी फिल्म का निर्माण किया जाये, जिससे कि उनकी कुर्बानी यादगार बन सके।

उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस के महानिदेशक श्री मनोज भट्ट ने प्रधानमंत्री के निर्देशों की अनुपालना पूरे देश में सबसे पहले कर राजस्थान को पहले पायदान पर पहुंचाने में अपना विशेष योगदान दिया है, जो हम सबके लिये प्रेरणा बन गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म का सारा कन्सेप्ट श्री मनोज भट्ट का था। इसके प्रोजेक्ट इंचार्ज एडीजीपी श्री एन.आर.के. रैड्डी तथा क्रियेटिव इंचार्ज एडीजीपी श्री सौरभ श्रीवास्तव एवं एग्जीक्यूशन सपोर्ट की जिम्मेदारी निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी व पुलिस कमिश्नर जयपुर श्री संजय अग्रवाल ने निभाई हैं। पुलिस विभाग की दिन–रात की मेहनत ने लेखक, निर्देशक एवं निर्माता श्री संजीव शर्मा के साथ मिलकर यह **'श्रद्धांजलि'** लघु फिल्म के निर्माण कार्य को पूरा किया है। इस फिल्म को अपनी बेहतरीन आवाज से फिल्म अभिनेता श्री रणदीप हुडा ने सजाया है।

श्री राजीव दासोत ने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली राजस्थान पुलिस सेन्ट्रल बैण्ड की टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस टीम की कडी मेहनत व लगन से ही यह सब हासिल हो पाया है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली के ख्यातनाम बैण्ड प्रशिक्षक रिटायर्ड मेजर नासिर हुसैन ने इस बैण्ड को अनवरत सघन प्रशिक्षण प्रदान कर स्वर्ण पदक हासिल करने योग्य तैयार किया। टीम ने 15 से 19 मई 2017 तक **पंजाब पुलिस अकादमी, फिल्लोर** में आयोजित **18वीं अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता–2017** में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।